कार्यालय प्राचार्य, भारत सिंह रावतराजकीय महाविद्यालय, रिखणीखाल
(पौड़ी गढ़वाल)

फोन नं. 01386–278205 e-mail : gdcrikhnikhal@gmail.com

पत्रांक : 05 / रा0से0यो0 / एस0डी0एस0यू0वी0 / 2020–21 दिनांक 08.02.2021

सेवामें,

समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

विषय : महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई में 23.01.2021 को पराकम दिवस कार्यशाला प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

महाविद्यालय में दिनांक आज दिनांक 23.01.2021 को भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान राष्ट्रीय पराकम दिवस के उपलक्ष में एक वेबीनार जूम एप के जरिये सम्पन्न कराया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई में अब तक पंजीकृत 12 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसकी विस्तृत आख्या संलग्न कर छायाचित्र सहित आपके अवलोकनार्थ प्रेषित की जा रही है।

कृपया संज्ञान ग्रहण करना चाहें।

कार्यक्रम अधिकारी
Dr. Mahesh C. Arya
Assistant Professor
Department Of Mathematics
Govt. Degree College
Rikhnikhal,Pauri Garhwal

डॉ0 महेश चन्द्र आर्या
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय
रिखणीखाल (पौड़ी गढ़वाल)

प्राचार्य
भारत सिंह रावत
राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल
पौडी गढवाल

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य, भारत सिंह रावतराजकीय महाविद्यालय, रिखणीखाल (पौड़ी गढ़वाल)

फोन नं. 01386–278205 e-mail : gdcrikhnikhal@gmail.com
एल्फान्यूमेरिककोड : UK-08-038

पराकम दिवस के तहत दिनांक 23 जनवरी 2021 को एक दिवसीय कार्यशाला की आख्या

आज दिनांक 23.01.2021 को भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान राष्ट्रीय पराकम दिवस के उपलक्ष में एक वेबीनार जूम एप के जरिये सम्पन्न कराया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई में अब तक पंजीकृत 12 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।
(छाया चित्र संलग्न)

वेबीनार के शुभारम्भ में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकम अधिकारी डॉ0 महेश चन्द्र आर्या द्वारा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई द्वारा पराकम दिवस के अवसर पर कहा कि भारत सरकार ने नेताजी शुभाष चन्द्र बोस की 125 वीं जयंन्ती को राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है। जो 23 जनवरी 2021 से शुरू होगा। कार्यकमों को तय करने और स्मरणोत्सव के निरीक्षण और मार्गदर्शन के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया तथा राष्ट्र के प्रति नेताजी की अदम्य भावना और निस्वार्थ सेवा को सम्मान देने और स्मरण करने के लिये भारत सरकार ने उनके जन्मदिवस पर हर साल पराकम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है ताकि देश के लोगो को विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित किया जा सकें। विपत्ति में धैर्य के साथ काम करने जैसा नेताजी ने किया था की प्रेरणा दी जा सकें और देशभक्ति की भावना का संचार किया जा सके। 23 जनवरी को पराकम दिवस के रूप में घोषित करने संबधी राजपत्र अधिसूचना प्रकाशित की गयी है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 सुरजीत सिंह कण्डारी, ने अपने विचार व्यक्त किये और उन्होने नेताजी के जीवन के कहीं पहलुओं पर प्रकाश डाला और कहा कि नेताजी का देश के प्रति समर्पण और बलिदान को कभी भुलाया जा नहीं जा सकता है। कार्यकम को आगे बढ़ाते हुये महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ0 सतीश चन्द्र, ने नेताजी के जीवन परिचय तथा उनके द्वारा चलाये गये विभिन्न आदोंलनों पर विचार व्यक्त किये इस कार्यकम में उपस्थित महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक डॉ0 विद्या रॉय, डॉ0 विपिन पवारं, डॉ0 अनूप मेवाड़, डॉ0 प्रशान्त, डॉ0 भारती एव डॉ0 मीरा रावत, तथा समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

छायाप्रति संलग्न :